विक्टोरिया में अपराध के शिकार हुए लोगों के लिए सेवाएँ -हिंदी

विक्टोरिया सरकार की अपराध के शिकार हेल्पलाइन आपके और आपके परिवार के लिए निःशुल्क जानकारी, सलाह और समर्थन प्रदान करती है।

अपराध के शिकार हेल्पलाइन

खुलने का समय: सुबह 8बजे – रात 11बजे, सप्ताह में 7 दिन

कॉल करें: 1800 819 817

ईमेल: vsa@justice.vic.gov.au

हेल्पलाइन को कॉल, टेक्स्ट या ईमेल करें:

- पुलिस को अपराध के बारे में रिपोर्ट कैसे करें, इसका पता लगाएँ
- अपनी सहायता के लिए अन्य सेवाओं की खोज करें
- विक्टोरिया की न्याय प्रणाली कैसे काम करती है, इसके बारे में जानकारी प्राप्त करें
- यदि आपको अदालत में गवाह बनने की आवश्यकता है, तो सहायता प्राप्त करें
- यदि आप मुआवज़े और आर्थिक समर्थन के लिए पात्र हैं, तो आवेदन करने में सहायता प्राप्त करें
- आप स्वयं को और अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए क्या कर सकते/सकती हैं, इसके बारे में पता लगाएँ।

यदि आप तत्काल खतरे में हैं, तो तीन शून्य (000) पर पुलिस को कॉल करें। आप किसी पुलिस स्टेशन में भी जा सकते/सकती हैं।

हम कई अलग-अलग स्थितियों में लोगों की सहायता करते हैं

हर साल हम अपराध का शिकार होने वाले अलग-अलग आयु, लिंगों और पृष्ठभूमियों के हज़ारों लोगों की सहायता करते हैं।

यदि आप पुलिस के पास अपराध की रिपोर्ट करने के लिए इच्छुक नहीं हैं, तो भी हम सहायता कर सकते हैं

अपराध के बारे में पुलिस को बताने के लिए अत्यावश्यक कारण होते हैं। वे आपकी रिपोर्ट को गंभीरता से लेंगे और अपराध करने वाले व्यक्ति को खोजने की कोशिश करेंगे। वे आपकी सुरक्षा भी कर सकते हैं।

VICTORIA State Government | Justice and Community Safety

यदि आप रिपोर्ट करने के लिए तैयार नहीं हैं या पुलिस से बात करने के बारे में चिंतित हैं, तो हेल्पलाइन:

- आपसे बात करके आपकी स्थिति को समझेगी
- आपके लिए ऐसी सेवाओं की खोज करेगी जो आपकी सहायता कर सकती हैं, भले ही आप अपराध की रिपोर्ट करने के लिए इच्छुक न हों
- यदि आप चाहें, तो पुलिस से बात करने में आपकी सहायता करेगी

आप दुभाषिए का उपयोग कर सकते/सकती हैं

यदि आपको आवश्यकता हो, तो हेल्पलाइन आपको एक निःशुल्क दुभाषिया उपलब्ध कराएगी। आप किसी अन्य व्यक्ति से भी हेल्पलाइन को कॉल करके अपने लिए दुभाषिया लेने के लिए कह सकते/सकती हैं।

दुभाषिया लेने के लिए:

1. हेल्पलाइन को 1800 819 817 पर कॉल करें
2. उन्हें अपना नाम, फ़ोन नंबर और भाषा बताएँ
3. एक दुभाषिया आपको वापिस कॉल करेगा।

जब दुभाषिया कॉल करेगा, तो उसकी कॉल आपके मोबाइल फ़ोन पर 'private number', 'blocked' या 'no caller ID' के रूप में प्रदर्शित हो सकती है।